शिया पी.जी. कालेज

[लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त मुस्लिम (शिया) अल्पसंख्यक संस्था]
कला, विज्ञान, वाणिज्य और विधि संकायों में छात्र एवं छात्राओं के शिक्षण हेतु।
सीतापुर रोड, लखनऊ – 226020 (उ0 प्र0) भारत।]

वेबसाइट : www.shiacollege.org ई-मेल : scdrc.shiacollege@gmail.com फोन : +915222743777

डॉ. मोहम्मद मियाँ
प्राचार्य (कार्यवाहक)

पत्रांक : ....
दिनांक : 18.06.2021

स्नातक/परास्नातक सत्र–2020–21 के छात्र/छात्राओं क प्रमोशन एवं परीक्षा के सम्बंध में।

लखनऊ विश्वविद्यालय ने कार्यालय ज्ञाप संख्या– लविवि/–157 दिनांक 17.06.2021 द्वारा स्नातक/परास्नातक के विभिन्न छात्रों की प्रोन्नति/परीक्षा के सम्बंध में लिए गए निर्णयों की सूचना जारी की गई जो निम्न प्रकार है :–

1. स्नातक एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र 2020–21 (दिसम्बर–2020) के छात्र/छात्राओं का प्रमोशन उनके प्रथम सेमेस्टर के आन्तरिक मूल्यांकन के अंको के आधार पर किया जाएगा।
2. स्नातक एवं परास्नातक द्वितीय सेमेस्टर (जून, 2021) को भी आन्तरिकत मूल्यांकन के आधार पर तृतीय सेमेस्टर में प्रोन्नत किया जाएगा।
3. स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं को तृतीय सेमेस्टर के प्राप्तांको के आधार अंक निकालकर चतुर्थ सेमेस्टर के आन्तरिकत मूल्यांकन के अंको के साथ जोडकर पंचम सेमेस्टर में प्रोन्नत किया जाएगा।
4. स्नातक षष्ठम सेमेस्टर तथा परास्नातक चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं की परीक्षाएं एम0सी0क्यू0 पद्धति से 15 जुलाई, 2021 से आयोजित की जाएंगी।
5. स्नातक अंतिम वर्ष (वार्षिक प्रणाली) के छात्र/छात्राओं की परीक्षा एम0सी0क्यू0 पद्धति से 15 जुलाई, 2021 से आयोजित होंगी।

इन फैसलों को हमें महाविद्यालय में लागू करना है जिसके लिए :–

- प्रथम सेमेस्टर छात्र/छात्राओं के छूटे हुए अंक (यदि कोई हो तो) दि0 21.06.2021 तक एस0सी0डी0आर0सी0 को भेजने हैं।
- स्नातक द्वितीय सेमेस्टर तथा चतुर्थ सेमेस्टर की कक्षाएं संचालित होती रहेंगी। पाठ्यक्रम पूर्ण करने के साथ–साथ इन छात्र/छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन के लिए असेसमेंट/परीक्षा आयोजित करनी होगी, जिससे प्रोन्नति के लिए इनके अंक प्रोटल पर चढ़ाए जा सकें। इन कक्षाओं के छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय में फीस शीघ्रातिशीघ्र जमा करनी होगी तथा फीस जमा करने के बाद परीक्षा–फार्म भरना होगा, परीक्षा फार्म भरने के बाद ही इनकी लिस्ट आंतरिक मूल्यांकन के लिए तैयार होगी।
- स्नातक षष्ठम सेमेस्टर एवं परास्नातक चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं एम0सी0क्यू0 पद्धति से 15 जुलाई, 2021 से आयोजित होनी है, इसलिए इनकी कक्षाओं को नियमित

संचालित किया जाए, आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जाएं, जिससे कि प्रत्येक दशा में दिनांक 10 जुलाई, 2021 तक पाठ्यक्रम पूर्ण हो जाए। इन छात्र/छात्राओं की आंतरिक परीक्षाएं/प्रेक्टिकल/असाइनमेंट आदि आंतरिक मूल्यांकन कार्य भी 10 जुलाई, 2021 तक पूर्ण कर लेना है।

- आंतरिक मूल्यांकन के समय हमें छात्र/छात्राओं की ऑनलाइन उपस्थिति को विशेष रुप से दृष्टिगत रखना है, जो छात्र/छात्राएं कक्षाओं बिल्कुल ही अनुपस्थित है, उनको आंतरिक मूल्यांकन में उपस्थिति कुल पाँच अंको में से शून्य अंक प्रदान किए जाएं।

हमें आशा है कि इन विपरीत परिस्थितियों में छात्र/छात्राओं की सहायता के लिए हम हर सम्भव मदद सुनिश्चित करेंगे।

भवदीय

(डॉ0 मोहम्मद मियाँ)
प्राचार्य (कार्यवाहक)